NBJK

# नव भारत जागृति केन्द्र
# NAV BHARAT JAGRITI KENDRA

Putting the Last First.....

सूचनापत्र Newsletter

अक्टूबर – दिसम्बर 2017 www.nbjk.org October - December, 2017

## बच्चों की सुरक्षा में तत्पर चाइल्डलाइन 1098

भारत में बाल अधिकारों को संयुक्त राष्ट्रसंघ बाल अधिकार सम्मेलन के आधार पर परिभाषित किया गया है, जिसने बाल अधिकारों को उन न्यूनतम अधिकारों और स्वतन्त्रता की श्रेणी में रखा है, जो 18 वर्ष तक की उम्र के हर व्यक्ति को नस्ल, रंग, लिंग, भाषा, धर्म, विचार, वंश, धन, जन्म स्थिति अथवा योग्यता के आधार पर बिना किसी भेदभाव के मिलना चाहिए. ये अधिकार हैं – जीने का अधिकार (सम्मान के साथ, जो बच्चे के जन्म लेने से पूर्व ही प्रारम्भ हो जाता है), सुरक्षा का अधिकार, सहभागिता का अधिकार (बच्चों से सम्बन्धित निर्णय में उनकी आयु और परिपक्वता के अनुसार) और विकास का अधिकार (भावनात्मक, मानसिक और शारीरिक). इनमें बच्चों की सुरक्षा का अधिकार अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके आधार पर ही उनके अन्य अधिकारों की प्राप्ति हेतु एक सुगम व्यवस्था की नींव पड़ती है.

केन्द्रीय महिला बाल विकास मंत्रालय के एकीकृत बाल सुरक्षा योजना अंतर्गत चाइल्डलाइन 1098 भारत में देखभाल और सुरक्षा के जरूरतमन्द बच्चों हेतु 24 घंटे चालू एक आपातकालीन राष्ट्रीय फोन सेवा है. कोई भी बच्चा या सम्बन्धित वयस्क टोलफ्री नंबर 1098 पर डायल कर सहायता हेतु संपर्क कर सकता है. पूरे देश में चाइल्डलाइन 1098 सेवा बहाली, प्रबंधन और देखरेख हेतु चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन, मुंबई को जिम्मेवारी मिली है. चाइल्डलाइन 1098 के मार्फत राज्य सरकारों, स्वैच्छिक संस्थाओं, द्विपक्षीय/बहुपक्षीय एजेंसियों और कॉरपोरेट क्षेत्र को परस्पर जोड़ते हुए एक बालमित्रवत राष्ट्र बनाने का प्रयास किया जा रहा है ताकि बच्चों के अधिकार और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके. अभी भारत के 35 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के 412 जिलों/शहरों में चाइल्डलाइन 1098 की सेवा उपलब्ध है और इसके द्वारा रोजाना लगभग 36,000 मुसीबतजदा बच्चों की पुकार पर कार्रवाई की जाती है.



01 अप्रैल 2015 से नव भारत जागृति केन्द्र इस बाल सुरक्षा संजाल का हिस्सा बना है और झारखण्ड के हजारीबाग जिला के चौपारण, बरही, बरकट्ठा और पदमा प्रखंडों में चाइल्डलाइन 1098 हेतु उप–केन्द्र साझीदार का दायित्व निभा रहा है. दो अन्य उपकेन्द्रों के रूप में जन सेवा परिषद और समाधान जैसी स्वैच्छिक संस्थाएं कार्यरत हैं, जिनके जिम्मे जिला के अन्य 6 प्रखंडों में यह सेवा है. हजारीबाग जिला में चाइल्डलाइन 1098 सेवा की नोडल और कोलेबोरेटिव संस्था के रूप में क्रमशः दर्पण और सृजन फाउंडेशन का सक्रिय योगदान है. कोलेबोरेटिव संस्था के माध्यम से इन उपकेंद्रों द्वारा जरूरतमंद बच्चों के हित में 24 घंटे सेवा उपलब्ध रहती है. यह फोन पर आए मामलों में आपातकालीन हस्तक्षेप और पुनर्वास सेवाओं का प्रबन्ध कर संकट में पड़े बच्चों की अविलम्ब सहायता करता है. मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, बैंगलोर और गुड़गाँव में चाइल्डलाइन संपर्क केन्द्र संचालित हैं, जो 1098 पर आए कॉल को ग्रहण कर सम्बन्धित साझीदारों को कार्रवाई हेतु अग्रसारित करते हैं.

चाइल्डलाइन 1098 के उपकेन्द्र साझीदार के रूप में न० भा० जा० केन्द्र द्वारा वर्ष 2015–16, 2016–17 और 2017–18 (दिसम्बर'17 तक) बाल उत्पीड़न के कुल 110 मामलों में कार्रवाई की गयी है. इनमें बाल विवाह (12), बाल श्रमिक (36), गुमशुदा बच्चे (18), स्पांसरशिप (11), भावनात्मक सहायता व मार्गदर्शन (4), डाक्टरी सहायता (12), शारीरिक उत्पीड़न/मारपीट (10), भावनात्मक व यौन शोषण (4) और आश्रय (3) के मामले शामिल हैं. संस्था द्वारा लोगों और बच्चों को जागरूक किया जाता है कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के साथ कुछ भी गलत होने पर 1098 पर निःशुल्क फोन किया जाए ताकि उनकी मदद हो सके. *चाइल्डलाइन से दोस्ती* अभियान के तहत चाइल्डलाइन टीम सदस्यों ने समाज के विभिन्न तबकों के लोगों से मिलकर उन्हें बाल अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाने का प्रयास किया है और परचा, रिस्टबैंड आदि वितरित कर बच्चों की सुरक्षा हेतु 1098 पर सूचना की गोपनीयता, महत्व, कार्यप्रणाली से परिचित कराया है.

चाइल्डलाइन कार्यक्रम हमें एक समावेशी रणनीति से लैस करता है, जिसमें तकनीक शामिल है और इससे हमें अपने बच्चों के सुरक्षा तन्त्र को मजबूत बनाने में मदद मिली है.

## CHILDLINE 1098: A Safety Net for Children

Our child rights are defined by the United Nations Convention on the Rights of the Child (UNCRC). According to the UNCRC, Child Rights are minimum entitlements and freedoms that should be afforded to all persons below the age of 18 irrespective of race, colour, gender, language, religion, opinions, origins, wealth, birth status or ability and therefore applicable to all. These are as Right to Survival (with dignity that begins before a child is born), Right to Protection, Right to Participation (in any related decision as per the age and maturity) and Right to Development (Emotional, Mental and Physical). Right to Protection is more important as this provides a support system to all other rights.

Under the Integrated Child Protection Scheme of Union Ministry of Women and Child Development, CHILDLINE is a 24-hours emergency outreach service for children in need of care and protection in India. Any child/concerned adult can dial 1098 to access this service. CHILDLINE India Foundation (CIF), Mumbai is the nodal agency for setting up, managing and monitoring the CHILDLINE 1098 service all over the country. This links state Governments, NGOs, bilateral/multilateral agencies and corporate sector to make a child friendly nation. Currently Childline 1098 is operational in 412 districts/towns across 35 states & Union Territories of India. It responds to about 36,000 phone calls everyday from suffering children.

NBJK has been a part of this safety net since 01 April 2015 as the Sub Centre partner covering Chouparan, Barhi, Barkattha and Padma blocks of Hazaribag district in Jharkhand. Jan Sewa Parishad and Samadhan are the NGOs working as other Sub Centre partners for more 6 blocks. Two other NGOs like Darpan and Srijan Foundation work as Nodal and Collaborative organizations. Collab. is the 24-hour service for children with support of Sub Centre partners. This responds to the intervention cases, provides emergency intervention and links children to the services for rehabilitation. There are Childline Contact Centres in Mumbai, Kolkata, Chennai, Bangalore and Gurgaon. These CCCs receive calls to 1098 and forward those to partners for intervention.

NBJK has intervened in total 110 child related cases during the period of 2015-16, 2016-17 and 2017-18 (till December'17). These are the cases of Child Marriage (12), Child Labour (36), Absconding Children (18), Sponsorship (11), Emotional Support & Guidance (4), Medical Support (12), Physical Torture/Manhandling (10), Emotional & Sexual Abuse (4) and Shelter (3). Also the organisation campaigns to popularize dial 1098 if any child (below 18 years of age) is found in distress or finds herself/himself amid any problem. There was a drive called *Childline Se Dosti (Friendship with Childline)* in the field and Childline Team members have contacted people from different walks of life. They sensitized them over importance of Child Rights and distributed handbills/wristbands about objective of Childline, Toll-free number 1098 and its practice to make our children safe with secrecy of the caller.

Childline programme empowers us with a comprehensive strategy that comprises technology and brought a systemic change to respond our children on time.

## ग्रामीण महिलाओं को टेलरिंग प्रशिक्षण और सिलाई मशीनें

**10–16 अक्टूबर 2017, महुदा (धनबाद):** उषा इंटरनेशनल लि०, दिल्ली के सहयोग से न.भा. जा.केन्द्र संचालित उषा सिलाई स्कूल कार्यक्रम अंतर्गत नेटवर्क सहयोगी संस्था झारखण्ड ग्रामीण विकास ट्रस्ट, ग्राम–कचर्रा, महुदा (धनबाद) द्वारा चयनित 10 ग्रामीण महिलाओं हेतु एक सप्ताह का सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था. इस दौरान श्रीमती संगीता जायसवाल (मास्टर प्रशिक्षक) और श्री रितेश लोहानी (कार्यक्रम अधिकारी, उषा इंटरनेशनल लि०) की उपस्थिति रही. प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन पंचायत सचिवालय, कांड्रा (महुदा मोड़) में किया गया था, जहाँ प्रशिक्षुओं को टेलरिंग सम्बन्धी नए कौशलों से अवगत कराने के साथ सिलाई मशीन रख–रखाव की जानकारी भी दी गयी. इस कार्यक्रम में सर्वश्रीमती रंजू देवी (भुरंगिया), लक्ष्मी देवी (पत्थरगढ़िया), चम्पा देवी (कंचनपुर), भुवनेश्वरी देवी (लुटूटांड), सुषमा देवी (पारजोरिया), प्रियंका देवी (कांड्रा), चमेली देवी (कल्याणपुर), शमीमा परवीन (कचर्रा), सितारा खातून (कुम्हारडीह), लालजन खातून (नागदा) बतौर प्रशिक्षु शामिल हुई थीं. ये सभी महिलाएं कमजोर आर्थिक–सामाजिक पृष्ठभूमि से आती हैं और इस प्रशिक्षण के बाद अपने घरों पर उषा सिलाई स्कूल खोलकर आमदनी बढ़ाने का प्रयास करेंगी. कार्यक्रम के समापन समारोह में सर्वश्री शंकर रवानी (सचिव, झा.ग्रा.वि.ट्रस्ट), शंकर राणा (प्रतिनिधि, न.भा.जा.केन्द्र), चक्रधारी महतो (मुखिया), परमेश्वर रवानी एवं अन्य स्थानीय व्यक्ति उपस्थित थे. इन लोगों ने उषा सिलाई स्कूल कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं दिया.



## Tailoring Training and Sewing Machines to Rural Women

**10-16 October, Mahuda (Dhanbad):** 7 days tailoring training and new sewing machines have been provided to 10 rural women beneficiaries selected by Jharkhand Gramin Vikas Trust, village-Kacharra, Mahuda (Dhanbad), a partner organization under Usha Silai School Program by NBJK with support of Usha International Limited, Delhi. The training was conducted by Mrs. Sangita Jaiswal (Master Trainer) and Mr. Ritesh Lohani (Program Manager) from Usha International Ltd. The trainees have learnt new skills and sewing machine maintainance during the training held at Panchayat Sachivalay, Kandra (Mahuda More). The women who got such support were Mrs. Ranju Devi (Bhurangiya), Lakshmi Devi (Patthargadhiya), Champa Devi (Kanchanpur), Bhuvaneshwari Devi (Lututaand), Sushma Devi (Paarjoriya), Priyanka Devi (Kandra), Chameli devi (Kalyanpur), Shamima Parveen (Kacharra), Sitara Khatun (Kumardih), Laljan Khatoon (Naagda). All these belong to week socio-economic background and determined to raise income by opening of Usha Silai Schools at their homes. In the concluding ceremony, Mr. Shankar Rana (Representative, NBJK) has applauded Usha International for such initiative to women empowerment and extended his best wishes to all. The program was graced by Mr. Chakradhari Mahto (Mukhiya), Mr. Parmeshwar Rawani and other dignitaries also.

## लोक समिति का शांति-सद्भावना सम्मेलन

**11 अक्टूबर 2017, पटना:** लोकनायक जयप्रकाश के जन्म दिवस पर बिहार प्रदेश लोक समिति और न० भा० जा० केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शांति–सद्भावना सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए लोक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गिरिजा सतीश ने कहा कि हमारे समाज का मूल चरित्र गैरसाम्प्रदायिक है और हमारी सरकारों का व्यवहार सभी नागरिकों के प्रति समान रहना चाहिए. इन्होंने स्वतंत्र भारत में हिन्दू–मुस्लिम सम्प्रदायों के बीच बढ़ी दूरी के पीछे बाबरी मस्जिद विवाद को एक प्रमुख कारण माना और कहा कि धार्मिक विश्वासों के साथ वोट को जोड़ना खतरनाक है, क्योंकि इससे जनहित के मुद्दे गायब हो जाते हैं. श्री गिरिजा ने साम्प्रदायिकता को विकास विरोधी बताते हुए गांव–प्रखंड–जिला स्तरों पर सर्वधर्म समभाव सम्मेलन, पर्व–त्यौहारों में साझेदारी और बेहतर स्कूली पाठ्यक्रम विकसित किये जाने पर जोर दिया. बतौर मुख्य अतिथि प्रो० श्रीमती एम० एन० अंजुम (मगध वि०वि०, बोधगया) ने शांति और सद्भावना को एक–दूसरे का पूरक बताते हुए संविधान द्वारा निश्चित मूल अधिकारों की सुरक्षा को महत्वपूर्ण माना. इन्होंने कहा कि इन्सानियत, लोकतान्त्रिक मूल्यों और विचारधारा के प्रति निष्ठा के साथ हम जेपी को याद करें. सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री कौशल गणेश आजाद (संयोजक, रा० लो० स०) ने भारतीय संस्कृति को समावेशी बताया और कहा कि राष्ट्र निर्माण में सभी धर्मों–सम्प्रदायों का योगदान है, जिसका सम्मान होना चाहिए. श्री विजय कुमार (अध्यक्ष, बि० प्र० लो० स०) ने सम्मेलन की अध्यक्षता किया था और इन्होंने शांति–सद्भावना बहाली हेतु गाँधी–जेपी विचारों के प्रोत्साहन पर बल दिया. श्री शिवजी सिंह (महामंत्री, बि० प्र० लो० स०) ने आश्वस्त किया कि सामाजिक सौहार्द्र स्थापना हेतु लोक समिति सदैव तत्पर रहेगी. अन्य प्रमुख वक्ताओं में प्रो० महेन्द्र लाल कर्ण (शिक्षाविद), श्री विद्याभूषण सिंह (पूर्व विधायक), श्री विनोद शर्मा (कोषाध्यक्ष, रा० लो० स०), श्री चंद्रभूषण (मंत्री, रा० लो० स०), श्रीमती क्रांति रासोश (संयोजिका, बि० प्र० लो० स०), श्री जगन्नाथ सिंह आदि शामिल थे. सम्मेलन द्वारा आम जनता और क्षेत्रीय दलों से अपील की गयी कि देश के नागरिकों के साथ किसी प्रकार का भेद–भाव नहीं करें. सरकार से अपील की गयी कि स्कूलों–कॉलेजों में गांधीजी की सर्वधर्म समभाव सम्बन्धी प्रार्थना शुरू हो और पाठ्यक्रम में शांति–समन्वय सम्बन्धी तत्वों को प्रमुखता दी जाए. इसके अलावा गांव–प्रखंड–जिला स्तरों पर लोक समिति द्वारा शांति–सद्भावना सम्मेलन सम्बन्धी प्रस्ताव भी पारित किया गया.



## Lok Samiti Convention on Peace & Harmony

**11 October 2017, Patna:** A convention upon Peace & Harmony held on the occasion of JP Jayanti under the joint auspices of Bihar Pradesh Lok Samiti and NBJK. The program was inaugurated by Mr. Girija Satish (National President, Lok Samiti) who opined that we are basically a non-communal society and our governments must treat all the citizens equally. He blamed Babri Masjid controversy as a key factor behind distance between Hindus-Muslims after freedom and said that linking religion with vote is dangerous as it diverts attention from real issues. Mr. Girija has called communalism as anti-development and stressed over all-religions harmony through thematic conventions at village-block-district levels, joint celebration of festivals and better school syllabus. As the chief guest, Prof. (Mrs.) M. N. Anzum from Magadh University has termed peace and harmony as complementary to each other and stressed over protection of fundamental rights to citizens. She appealed to follow humanity, democratic values and ideology of JP. Mr KG Azad (National Coordinator, LS) has praised Indian culture as inclusive one and insisted for honour to all contributed for nation building. Mr. Bijay Kumar (President, Bihar LS) has chaired the convention and suggested to promote Gandhi-JP thoughts. Mr. Shivji Singh (Gen. Secy., Bihar LS) has assured for initiative by Lok Samiti to promote fraternity. Other prominent speakers were Prof. Mahendra Lal Karn (academician), Mr. Vidyabhushan Singh (Ex-MLA), Mr. Vinod Sharma (Treasurer, National LS), Mr. Chandrabhushan (Secretary, National LS), Mrs. Kranti Rashosh (Coordinator, Bihar LS) and Mr. Jagannath Singh. The convention has passed resolutions regarding non-discrimination and equality for citizens by people as well as regional political parties and about activities for peace & harmony by Lok Samiti. Also the convention appealed the Govt. to initiate all religions prayer by Gandhi ji in schools & colleges and reconstruction of academic curriculum.

## विश्व दृष्टि दिवस/मधुमेह दिवस पर नेत्र रोगियों का इलाज

**12 अक्टूबर–14 नवम्बर 2017, चौपारण / दुमका:** विश्व दृष्टि दिवस पर लोकनायक जयप्रकाश आँख अस्पताल (चौपारण व दुमका इकाइयों) द्वारा नेत्र सुरक्षा पर चेतना जागरण और नेत्र रोगियों की सेवा का कार्य उत्साहपूर्वक किया गया. बहेरा (चौपारण) स्थित लोकनायक जेपी आँख अस्पताल में मोतियाबिन्द के 50 रोगियों का निःशुल्क ऑपरेशन हुआ और उन्हें चश्मा व दवाइयां उपलब्ध करायी गयीं. इस अवसर पर यहाँ सहिया दीदियों (ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं) के साथ नेत्र सुरक्षा पर एक कार्यशाला का आयोजन भी हुआ, जिसका उद्घाटन श्री कुमार सौरभ (प्रबंधक, आदित्य बिड़ला फाइनेंसियल सर्विसेज–हजारीबाग) ने किया. इन्होंने अस्पताल द्वारा सामुदायिक नेत्र सुरक्षा और किफायती दर पर उपलब्ध चिकित्सा सेवा को सराहनीय बताया. इस कार्यशाला में 75 सहिया दीदियां शामिल थीं, जिन्हें नेत्र समस्याओं से बचाव और प्राथमिक इलाज की जानकारी दी गयी. विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर लोकनायक जयप्रकाश आँख अस्पताल, दुमका द्वारा 9–12 अक्टूबर के दौरान जागरूकता अभियान चलाया गया और दुमका, देवघर, पाकुड़, जामताड़ा, गोड्डा जिलों से आए 419 नेत्र रोगियों का इलाज हुआ. इसके अलावा मोतियाबिन्द से पीड़ित 56 मरीजों के मुफ्त ऑपरेशन, चश्मा, दवा की व्यवस्था भी हुई. 16 नवम्बर को अस्पताल की चौपारण इकाई ने *विश्व मधुमेह दिवस* (14 नवम्बर) के मौके पर विशेष शिविर लगाकर मधुमेह पीड़ित लोगों की जांच किया, जिसमें 278 महिलाओं–पुरुषों को प्रारंभिक जांच और चिकित्सीय सलाह का लाभ मिला. इनमें 81 लोगों को मधुमेह था, जिनकी रेटिना जांच हुई और 20 लोग डायबिटिक रेटिनोपैथी से पीड़ित मिले. अस्पताल की ओर से उन्हें निःशुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ दिया गया. विदित हो कि लोकनायक जयप्रकाश आँख अस्पताल की चौपारण और दुमका इकाइयों के संचालन में क्रमशः साइटसेवर्स (कोलकाता) और सीबीएम (बंगलोर) का सहयोग मिला है.



## LNJPEH Observes World Sight Day/Diabetes Day

**12 October/14 November 2017, Chouparan/Dumka:** LokNayak JayPrakash Eye Hospital (Chouparan & Dumka units) has observed World Sight Day with enthusiasm and organized mass awareness as well as eye care activities for people. The day was celebrated at LNJPEH, Bahera (Chouparan, Hazaribag) with vision restoration for 50 people through cataract operation including spectacles, medicines free of cost. Also a workshop with rural health workers (Sahiyas) upon early eye care was inaugurated by Mr. Kumar Saurabh (Manager, Aditya Birla Financial Services-Hazaribag) who praised the hospital for focus upon community eye care and cost effective services. There were 75 Sahiya participants in the workshop and they have been oriented towards preventive-curative measures for eye care. At Dumka, the hospital has launched an awareness campaign from 9 to 12 October and 419 people (from Dumka, Devghar, Pakur, Jamtara and Godda districts) have availed treatment here. Also 56 cataract patients got operated on World Sight Day. On 16th November, LNJPEH (Chouparan) has organized a special Diabetes Camp as follow up to *World Diabetes Day* (14 November). There were 278 patients turned up for initial checkup and consultation. 81 were found with diabetes, went under Retina checkup and 20 have been detected with Diabetic Retinopathy. All of them have availed requisite treatment free of cost by the hospital. Chouparan and Dumka units of LNJPEH have support from Sighsavers (Kolkata) and CBM (Bangalore) respectively.

## प. प. केन्द्र द्वारा "मेरा लक्ष्य - भ्रष्टाचार मुक्त भारत" पर सेमिनार

**03 नवम्बर 2017, अमृत नगर (हजारीबाग):** केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड, नयी दिल्ली और झारखण्ड राज्य समाज कल्याण बोर्ड, रांची के सहयोग से न० भा० जा० केन्द्र संचालित परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा अमृत नगर उच्च विद्यालय में "मेरा लक्ष्य दृ भ्रष्टाचार मुक्त भारत" विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया. इसकी अध्यक्षता स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक श्री धर्मानन्द राय ने किया था. इन्होंने कहा कि आज चरित्र बनाने से पहले उसे बचाने की जरूरत है. इन्होंने कहा कि हमारे हाथ में अपनी ईमानदारी–कर्तव्यनिष्ठा ही बचती है और भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने में इसी का योगदान देना है. इसके पहले परामर्शी श्रीमती मीरा गुप्ता ने परिवार परामर्श केन्द्र और नव भारत जागृति केन्द्र का संक्षिप्त परिचय देते हुए विषय प्रवेश के क्रम में भ्रष्टाचार के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला. इन्होंने कहा कि आज पारिवारिक संबंधों की मर्यादा खतरे में है और भ्रष्टाचार मुक्त देश में ही महिलाएं सुरक्षित रह सकती हैं. लोक समिति के श्री शंकर राणा ने गुणात्मक शिक्षा, चरित्र निर्माण और बेहतर कानूनों से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का सुझाव दिया. कक्षा 10 की छात्रा मुस्कान ने समाज में फैल रहे हिंसात्मक माहौल को बुरा बताया और नीता ने कहा कि ज्यादा शिक्षित लोग अधिक भ्रष्ट होते हैं. छात्रा निशा कुमारी ने लैंगिक भेदभाव को भ्रष्टाचार का एक नमूना कहा और लक्ष्मी ने कहा कि इन्सानियत की कमी के कारण लोग भ्रष्ट होते हैं. श्री संजय कुमार (परामर्शी) ने महिला भ्रूण हत्या और घटती हुई बालिका जन्म दर को रोकने की जरूरत बतायी. कार्यक्रम समाप्ति के बाद उन्होंने धन्यवाद ज्ञापन किया. सेमिनार में लगभग 100 छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया था.



## "My Goal - Corruption Free India" Seminar by Family Counselling Centre

**03 November 2017, Amrit Nagar (Hazaribag):** Central Social Welfare Board (New Delhi) & Jharkhand State Social Welfare Board (Ranchi) supported Family Counselling Centre (FCC) has organized a seminar upon *My Goal – Corruption Free India* among the students of Amrit Nagar High School at Amrit Nagar village. The seminar was presided by Mr. Dharmanand Ray (Senior Teacher, ANHS) who said that its more important to save the character instead of making this these days. We have our own honesty and dutyfulness only that we can contribute to the goal of making India corruption free, he opined during the programme. Before this, Mrs. Meera Gupta (Counsellor, FCC) has briefed about NBJK with FCC and introduced the theme of this seminar. She has thrown light over different dimensions of corruption and warned about deteriorating dignity of family relationship even. We women can feel secured and safe in a corruption free society only, she pointed out. Mr. Shankar Rana (Lok Samiti) has suggested for quality education, character making endeavors and citizen friendly laws to uproot corruption from our national life. Many class 10th students have participated in the seminar and expressed their views. Muskan Kumari has conveyed her grief over increasing violence in society and Neeta was of the view that more educated people are more corrupt. Nisha Kumari has termed gender disparity as a corrupt practice and people become corrupt due to lack of humanity, another student Laxmi added her conclusion. Mr. Sanjay Kumar (Counsellor, FCC) was concerned about low birth ratio of girl children and insisted to check female foeticide. On behalf of FCC, he thanked all the students and teachers for making the seminar meaningful.

## बिहार में बाढ़पीड़ितों के बीच राहत सामग्री वितरण

**8–9 नवम्बर 2017, पूर्वी–पश्चिमी चम्पारण:** बिहार प्रदेश लोक समिति और न० भा० जा० केन्द्र की ओर से बिहार राज्य के पूर्वी और पश्चिमी चम्पारण जिलों में बाढ़ पीड़ित लोगों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया गया. एक्शन विलेज इंडिया, यू० के० के आर्थिक सहयोग एवं स्थानीय स्वैच्छिक संस्थाओं के माध्यम से यह कार्य संपन्न हुआ. 8 नवम्बर को मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण) में जिला लोक समिति और स्थानीय संस्था आलोक फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बाढ़ राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम में न० भा० जा० केन्द्र प्रतिनिधिगण श्री सत्येन्द्र कुमार और श्री शंकर राणा उपस्थित थे. इसमें शामिल अन्य व्यक्तियों में सर्वश्री राय सुन्दरदेव शर्मा (अध्यक्ष, जिला लोक समिति–आलोक फाउंडेशन), दिग्विजय कुमार (निदेशक–आइडिया एवं मन्त्री–जिला लोक समिति) और श्रीमती संगीता चित्रांश (अध्यक्षा, जिला बाल कल्याण समिति) प्रमुख थे, जिनकी उपस्थिति में 61 बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया गया. प्रत्येक लाभुक को प्रेशर कुकर (5 लि०, 1 नग), लोहे की खाट (1 नग), साड़ी–पेटीकोट–ब्लाउज (1 सेट), कंटेनर (ढक्कन सहित, 1 सेट), पानी जग (1 नग), छोलनी (1 नग), कलछुल (1 नग), टॉर्च (1 नग) और मच्छरदानी (1 नग) मिला. 9 ता० को पश्चिमी चम्पारण जिला लोक समिति और समग्र शिक्षण एवं विकास संस्थान द्वारा जेपी स्मृति कुटीर, बेतिया परिसर में 85 बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामग्रियों का वितरण किया गया. प्रत्येक लाभुक को तिरपाल (1 नग), मच्छरदानी (2 नग), अरहर दाल (2 किलो) और मसूर दाल (2 किलो) प्रदान किया गया. इस मदद के लिए उन्होंने आभार प्रकट किया. इस अवसर पर सर्वश्री हरेन्द्र पंडित, अमन राज, कुणाल झा, शिबू मित्रा, अमन तिवारी, रोहित, ओमप्रकाश जायसवाल एवं अन्य लोगों का काफी सहयोग रहा था.



## Relief Materials for Flood Victims of Bihar

**8-9 November 2017, East & West Champaran:** Bihar Pradesh Lok Samiti and NBJK have distributed relief materials among flood stricken people in the districts of East Champaran and West Champaran in Bihar. AVI-UK has provided financial support for such initiative took place with help of local voluntary organizations. On 8th November, NBJK representatives Mr. Satyendra Kumar and Mr. Shankar Rana have joined the Relief Material Distribution program at Motihari (East Champaran) organized by District Unit of Lok Samiti and Alok Foundation, a local VO. Mr. Ray Sundar Dev Sharma (President, Dist. LS & Alok Foundation), Mr. Digvijay Kumar (Director, IDEA & Secretary, Dist. LS) and Mrs. Sangita Chitransh (Chairperson, District Child Welfare Committee) were present during distribution of relief materials among 61 surveyed beneficiaries. Each beneficiary got a Pressure Cooker (5 litres, 1 no.), Iron Cot (1 no.), Sari-Petticoat-Blouse (1 set), Container with cap (1 set), Water Jug/Lota (1 no.), Laddle (1 no.), Flat Laddle (1 no.), torch (1 no.) and Mosquito Net (1 no.). On 9th, a similar program held for 85 beneficiaries at JP Smriti Kutir, Bettiah with support of Samagra Shikshan Evam Vikas Sansthan and West Champaran Lok Samiti. Each beneficiary got Awning / Tirpaal (1 no.), Mosquito Net (2 nos.), Red Gram Pulse (2 Kg), Red Lentils Pulse (2 Kg) here. They expressed sincere gratitude towards the people behind the support. Many local people have extended their sincere cooperation in organizing the relief material distribution events.

## लोकनायक जयप्रकाश आँख अस्पताल के नये वार्ड का उद्घाटन

**10 नवम्बर 2017, दुमका:** जिला उपायुक्त श्री मुकेश कुमार (आइ.ए.एस.) ने न० भा० जा० केन्द्र संचालित लोकनायक जयप्रकाश आँख अस्पताल के नये वार्ड का उद्घाटन किया. इस अवसर पर इनके साथ दुमका के उपविकास आयुक्त और प्रशिक्षु आइ.ए.एस. श्री शशि रंजन भी उपस्थित थे. अब अस्पताल की कुल क्षमता 50 बिस्तरों की हो गयी है. उपायुक्त ने दुमका जैसी छोटी और आदिवासी बहुल जगह में एक आधुनिक आँख अस्पताल के संचालन हेतु न० भा० जा० केन्द्र की सराहना किया और कहा कि मोतियाबिन्द मरीजों के लिए फेको सर्जरी, स्वच्छता मानकों के अनुपालन, ढांचागत सुविधा और गरीब रोगियों हेतु मुफ्त चिकित्सा जैसी विशेषताओं से लोकनायक जयप्रकाश आँख अस्पताल का आज एक अलग मुकाम है. कार्यक्रम के प्रारम्भ में श्री गिरिजा सतीश (अध्यक्ष, न० भा० जा० केन्द्र) ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्था स्थापना वर्ष 1971 से आम लोगों के जीवन में बदलाव लाने वाले अनेक कार्यक्रमों का उल्लेख किया और दुमका जिला में संचालित दिव्यांग पुनर्वास–अधिकारिता, जलछाजन, कौशल विकास प्रशिक्षण, आँख अस्पताल जैसी परियोजनाओं की जानकारी दी. इन्होंने कहा कि इस नए वार्ड के बनने से जाड़े के दिनों में सुदूर देहाती क्षेत्रों से आने वाले नेत्र रोगियों और उनके परिजनों को सहूलियत मिलेगी. श्री गिरिजा ने एलएनजेपी आँख अस्पताल, दुमका में शुरू कैंटीन, भोजनालय और चिकित्सक निवास जैसी सुविधाओं का भी उल्लेख किया. श्री आनन्द अभिनव (कार्यक्रम निदेशक, नभाजाके) ने 2008 में 10 बेड से शुरू इस आँख अस्पताल में आज 50 बेड की सुविधा उपलब्धता पर खुशी जाहिर किया और कहा कि पिछले वर्ष हमने 2700 से अधिक मोतियाबिन्द पीड़ित गरीब लोगों की निःशुल्क सर्जरी कर उनकी आँखों की रौशनी लौटायी है. नए वार्ड के उद्घाटन समारोह में श्री नीरद बाग (राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, सीबीएम–बंगलोर), श्री साबेन व सुश्री एइरीन (सीबीएम–ऑस्ट्रेलिया), मो० शरीफ (अध्यक्ष, दुमका जिला चौम्बर ऑफ कॉमर्स) और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे. कार्यक्रम आयोजन में सर्वश्री नीरज रमण, मो० एजाज, संतोष गौतम आदि की मुख्य भूमिका रही.



## Dumka DC Inaugurates New Ward of LokNayak JayPrakash Eye Hospital

**10 November 2017, Dumka:** Mr. Mukesh Kumar (IAS), Deputy Commissioner of Dumka, has inaugurated newly constructed ward of LokNayak JayPrakash Eye Hospital. He was accompanied by Mr. Shashi Ranjan (IAS), Dy. Dev. Commissioner of Dumka. Now the eye hospital is capacitated with total 50 beds. The DC has praised NBJK to run a modern eye hospital at a tribal populated small place like Dumka. Phaco surgery for Cataract patients, hygiene maintenance, adequate infrastructure and free service to poor people are the features make LNJPEH appreciable indeed, he opined. In the beginning, Mr. Girija Satish (President, NBJK) welcomed all and introduced about NBJK's initiatives for change in people's lives through various programs like Rights to PwDs, Watershed, Vocational Training, Eye Hospital and many more since the year 1971. This new ward will serve eye patients well in winter season and villagers/their carers from remote areas can stay here safely, he added. Mr. Girija has informed about facilities like canteen, dining hall and doctors' residence with LNJPEH now to upgrade its services. Mr. Anand Abhinav (Program Director, NBJK) has recalled about the journey of LNJPEH that started in the year 2008 with 10 beds, reached to 50 beds now and expanded in terms of achievements also. We could restore eye sight of more than 2700 cataract patients by their eye surgery free of cost last year, he pointed out. The inaugural function was graced by Mr. Nirad Bag (State Program Officer, CBM-Banglore), Mr. Saben & Ms Eireen (CBM, Australia), Md. Sharif (President, District Chamber of Commerce, Dumka) and community people. NBJK team comprised of Messrs Neeraj Raman, Md. Ezaz, Santosh Gautam and others have organized the function successfully.

## दिव्यांगों ने मनाया विश्व दिव्यांगता दिवस

**04 दिसम्बर 2017, हजारीबाग:** विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर दिव्यांगों के बीच जिला स्तरीय खेलकूद और पेन्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था. एवीआइ–बीएलएफ–यूके के सहयोग से दिव्यांग अधिकारिता कार्यक्रम अंतर्गत प्रोत्साहित दिव्यांगजन संगठन जिला विकलांग संस्थान के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में सदर, चुरचू, कटकमदाग और इचाक प्रखंडों से 150 दिव्यांग युवाओं की भागीदारी रही. इन दिव्यांगों ने ट्राइसाइकिल दौड़, बैसाखी दौड़, म्यूजिकल चेयर, बकेट बॉल और पेन्टिंग प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया. वासुदेव भोक्ता, बालकृष्ण प्रसाद और सुरजन मांझी ने ट्राइसाइकिल दौड़ में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया. बैसाखी दौड़ में हेमलाल मुर्मू को पहला स्थान मिला, जबकि अजय कुमार और अनीता कुमारी ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया. म्यूजिकल चेयर में दीपशिखा, रजिया खातून और अंजू कुमारी को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय घोषित किया गया. इसी प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में हेमलाल मुर्मू, अजीत राम और मुकेश राणा विजयी रहे. बकेट बॉल में अशोक दास, रोहित महतो और तन्वी सिंह प्रथम, द्वितीय और तृतीय हुए. पेन्टिंग प्रतियोगिता में सदर प्रखंड के बच्चे कुणाल कुमार, सुरभि कुमारी और रूबी कुमारी विजेता बने. इन गतिविधियों के बीच दर्शकों द्वारा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन भी किया जा रहा था. कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षु आइएएस सुश्री गरिमा सिंह ने विजेताओं के बीच पुरस्कार वितरण करते हुए दिव्यांगों द्वारा आई.ए.एस. जैसी परीक्षा पास करने का उल्लेख किया. दिव्यांग अधिकारिता कार्यक्रम के अन्य परियोजना जिलों गया, नवादा, गिरिडीह, कोडरमा में भी विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित हुए थे.



## PwDs Participates in Sports & Painting on World Disability Day

**04 December 2017, Hazaribag:** A district level sports & painting competition among People with Disabilities was held on the occasion of World Disability Day. The day was celebrated by around 150 PwDs from Sadar, Churchu, Katkamdaag and Ichak blocks of the district under the banner of Jila Viklaang Sansthan, a DPO (Disable People's Organization) promoted by NBJK under Disability Rights program with support of AVI-BLF, UK. The PwDs have participated in the action games like Tricycle Race, Caliper Race, Musical Chair, Bucket Ball and Painting. Messrs Vasudev Bhokta, Baalkrishna Prasad and Surjan Manjhi stood first, second and third for Tricycle Race. For Calipers Race, Hemlal Murmu became first while Ajay Kumar and Anita Kumari got second and third positions. Musical Chair winners were Deepshikha Raziya Khatoon and Anju Kumari as first, second and third while Hemlal Murmu, Ajeet Ram and Mukesh Rana became first, second and third among male group. For bucket ball, Messrs Ashok Das, Rohit Mahto and Tanwee Singh emerged as first, second and third winners. Youngsters like Kunal, Surabhi and Ruby grabbed first, second and third places for painting. All the winners received prizes from Ms Garima Singh (Trainee IAS & District Social Welfare Officer). World Disability Day was observed in Gaya, Nawada, Giridih and Koderma districts also in the same manner under the program of Disability Rights with support of AVI-BLF, UK.

## लॉर्ड बुद्धा होम फॉर चिल्ड्रेन में क्रिसमस की धूम

**25 दिसम्बर 2017, सिलौंजा (बोधगया):** न.भा.जा.के. संचालित अनाथालय लॉर्ड बुद्धा होम फॉर चिल्ड्रेन (सिलौंजा) में क्रिसमस के शुभ अवसर पर अनेक गतिविधियों का आयोजन हुआ. इसकी शुरुआत अमेरिका में बसे वियतनाम के बौद्ध मतावलम्बियों द्वारा बोधगया हार्ट फाउंडेशन के माध्यम से अनाथालय के निकटवर्ती गांवों से आए लोगों में खाद्य सामग्री–वस्त्र वितरित कर ईसा और बुद्ध के बीच समानता बताने से हुई. इस मौके पर एनबीजेके सचिव श्री सतीश गिरिजा और एसकेबी, नेदरलैंड्स प्रतिनिधि श्री टॉन केबल भी मौजूद थे. इसके बाद एलबीएचसी के बच्चों के बीच खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिनमें भाग लेने वाले सभी बच्चों को पुरस्कार मिला. शाम में इन अनाथ बच्चों ने क्रिसमस गैदरिंग कार्यक्रम को बहुत शानदार तरीके से मनाया. श्री सतीश गिरिजा ने कहा कि प्रभु जीसस क्राइस्ट प्रेम, दया और करुणा के प्रतीक हैं, जिनका जन्मदिन मनाकर हम ऐसे गुणों की ओर बढ़ने की कोशिश करते हैं. श्री टॉन केबल ने अनाथालय के बच्चों को एसकेबी प्रमुख श्रीमती इनेबुमा की ओर से क्रिसमस की शुभकामनाएं दिया. उन्होंने मंच सजावट के लिए बच्चों की सराहना भी किया. फिर तो इन बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां ही बाँध दिया. नेहा ग्रुप की ओर से स्वागत गान के बाद स्वीटी–गीता–खुशी–सोनाली, चित्रा दीदी ग्रुप, पूजा, पंकज, सोनम–पूजा–गुड़िया–शीशम आदि ने पापा मेरे पापा, आजा नचले, कोला बेरी–ढिंग चिका, चलती है क्या आदि गानों पर नृत्य प्रस्तुत किया. इन्हीं बच्चों ने मंच पर योगाभ्यास का प्रदर्शन भी किया. मंच संचालन सुमन्त ने किया था. इसके बाद सहभोज की व्यवस्था हुई. एलबीएचसी में बच्चों की काउंसिलर सुश्री चित्रा साहू ने धन्यवाद ज्ञापन किया.



## Colourful Christmas at Lord Buddha Home for Children

**25 December 2017, Silaunja (Bodhgaya):** NBJK run orphanage Lord Buddha Home for Children celebrated Christmas with a different tone and a number of events took place here in presence of Mr. Satish Girija (Secretary, NBJK) and Mr. Ton Cable (Representative-SKB, the Netherlands). This started with distribution of edible items and clothes among people from villages around LBHC by Bodhgaya Heart Foundation, a community of Vietnamese people settled in USA. These followers of Lord Buddha have chosen Christmas Day for their religious rituals and established a resemblance between two greats. The function was followed by friendly sports among the children of LBHC. Mr. Ton Cable too played with the children and motivated them. All the participants got prizes afterwards. For Christmas Gathering in evening, these children decorated the stage magnificently, cut a big cake and celebrated birthday of God's beloved son. On this occasion, Mr. Satish Girija welcomed Mr. Ton Cable and said that Jesus is a symbol of love, kindness and compassion. Mr. Cable greeted all at LBHC and conveyed best wishes from Mrs. Ine Buma (Patroness-SKB, the Netherlands). A variety of song, music and dance in group/solo were presented by the children. After welcome song by Neha group, Sweety-Geeta-Khushee-Sonali, Chitra Didi group, Pooja, Pankaj, Sonam-Pooja-Gudiya-Sheesam have performed dance with popular songs. These children showed many difficult Yoga exercises and earned rich applauds. Ms Chitra Sahoo (Counsellor, LBHC) supported the children for rehearsal and participated with them actively.

## चाइल्डलाइन1098 ने दिया बच्ची का साथ — Case Study

बच्ची का नाम–देवी कुमारी, उम्र–साढ़े चार वर्ष, पिता–जनक प्रसाद, ग्राम–पर्वतपुर, थाना/प्रखंड–सीतापुर, जिला–हजारीबाग, एक संयुक्त परिवार में रहती है. इसके पिता एक छोटे किसान और दैनिक मजदूर हैं. देवी के घर में इसके दादा–दादी, चाचा–चाची, माँ और साढ़े तीन साल की एक छोटी बहन भी है. देवी स्थानीय स्कूल की पहली कक्षा में पढ़ती है. उस मनहूस शाम को पड़ोस में किसी दूसरे बच्चे का मुंडन समारोह था और देवी के परिवार जन भी उसमें व्यस्त थे. इसी बीच एक अन्य पड़ोसी नवयुवक शत्रु कुमार (21 वर्ष) ने देवी को चाकलेट देने के बहाने बुलाया, अपने घर की छत पर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया. लेकिन घटना की जानकारी हो जाने के बाद भी देवी के परिजन लोकलाज के डर से चुप थे. उन्होंने इस बात की कहीं चर्चा भी नहीं किया और खुद से बच्ची का घरेलू इलाज कर रहे थे. देवी घर में बन्द थी. लेकिन अखबारों में छपी खबरों के आधार पर चाइल्डलाइन 1098 ने इसका संज्ञान लिया और स्थानीय बाल कल्याण पुलिस अधिकारी को घटना की जानकारी देते हुए इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप का निर्णय लिया. उसी दिन देवी की डाक्टरी जांच हुई और बा० क० पु० अ० के सहयोग से मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के सामने उसका बयान दर्ज करवाया गया. भुक्तभोगी बच्ची के पक्ष में चाइल्डलाइन के आने से आरोपी पक्ष बौखला उठा और चाइल्डलाइन टीम सदस्यों पर दबाव बनाने की कोशिश हुई. इस दुर्घटना को लेकर ग्रामीणों में दुःख और आक्रोश था लेकिन आरोपियों के प्रभाव को देखते हुए किसी को विश्वास नहीं था कि आगे कुछ होगा. ऐसी स्थिति में चाइल्डलाइन **1098** और जिला बाल कल्याण समिति ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष बच्ची के बयान को महत्वपूर्ण मानते हुए उस पर जोर लगाया और कार्रवाई हेतु प्रयास किया. अन्त में, शत्रु कुमार को न्यायालय में आत्मसमर्पण करने पर मजबूर होना पड़ा. अब इस मामले में न्याय मिलने की उम्मीद जगी है और कानून–व्यवस्था से निराश लोगों में एक विश्वास पैदा हुआ है. चाइल्डलाइन1098 की इस पहल से आम लोग काफी खुश हैं. **(चाइल्डलाइन1098 के निर्देशानुसार तस्वीर नहीं है और सम्बन्धित नाम–पता को बदल दिया गया है)**

## Girl Child Supported @Childline1098

Child-Devi Kumari, age-4½ years, Father-Janak Prasad, Village-Parvatpur, PS+ Block-Sitapur, Dt-Hazaribag, belongs to a joint family. Her father is a small farmer-cum-daily wage laborer. Devi is elder daughter in the family with her housewife mother, 3 ½ year old younger sister, grandma, grandpa, uncle and aunt. Devi studies in class 1 of a local school. On that crucial day, there was a tonsure ceremony for another child near her house and most of the family members were engaged in that function. In the meantime, Shatru Kumar (21 years), a neighborhood youth called Devi to offer her chocolate, brought her to the roof of his house and raped her. But the child's family members were silent due to social stigma. They didn't share this mishap and avoided any outside medical support to the child even. Devi was much afraid after this incident and caged in her house only. Childline **1098** team took cognizance of this case on the basis of newspaper reporting and contacted local Child Welfare Police Officer to intervene immediately. On the same day, Devi's medical checkup was arranged and her statement was submitted before CJM with help of CWPO. There was a lot of pressure upon Childline team members. Villagers were griefed and angry after this heartbreaking incident, but they didn't hope for any conclusion as the offender and his well-wishers were trying to manage the matter. But Childline & CWC focussed upon child's statement and further action. At last, Shatru the accused surrendered before court. This restored people's faith over law enforcement agencies and the community has supported Devi, the girl child wholeheartedly after the initiative taken by Childline **1098**. **(Photo not permitted, names & address have been changed as per mandate of Childline1098)**


परिकल्पना : **श्री गिरिजा सतीश**

प्रस्तुति : **विनय भट्ट**

**नव भारत जागृति केन्द्र,** संयोजन कार्यालय

ग्राम – अमृतनगर, पो. कोर्रा, जिला हजारीबाग (झारखण्ड) द्वारा प्रकाशित।

दूरभाषः +91 8809672146, +91 9835751159

ई मेलः nbjkco@gmail.com; vinaynbjk@gmail.com